



## एक नजर में

### तीरंदाजी स्पर्धा में खिलाड़ियों ने साधा निशाना



**खरगोन।** जिला स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन आदित्य विद्या विहार खंडवा रोड़ पर किया गया। स्पर्धा में 14, 17 एवं 19 आयु वर्ग के 70 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। जिला शिक्षा अधिकारी शैलेंद्र कुमार कानूडे और स्कूल डायरेक्टर अनिल रघुवंशी के आतिथ्य में स्पर्धा की शुरुआत हुई। समारोह में श्री कानूड़े ने कहा कि तीरंदाजी विद्या में एकाग्रता, बल और बुद्धि तीनों का एक साथ समावेश होता है। स्कूल डायरेक्टर श्री रघुवंशी ने कहा कि खेलों से खिलाड़ी शारीरिक रूप से तो मजबूत होते ही हैं मानसिक रूप से भी तेज होते हैं। जो विद्यार्थी खेलों से जुड़े होते हैं, उनमें अनुशासन और एकता के साथ.साथ अच्छे संस्कार भी आते हैं। इस अवसर पर प्राचार्य अमन सचान, क्रीडा निरीक्षक हबीब बेग मिर्जा, जितेंद्र हिरवे, झबर सिंह मंडलोई भी उपस्थित थे।

### रक्षाबंधन पर बहनों को बंदी भाइयों से मिलने की मिलेगी विशेष अनुमति

**कसरावद।** रक्षाबंधन के पावन पर्व पर इस बार जेल में बंद भाइयों की कलाई सूनी नहीं रहेगी। जेल मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार सब जेल कसरावद में बहनों को अपने बंदी भाइयों से प्रत्यक्ष रूप से मुलाकात कर राखी बांधने की विशेष अनुमति प्रदान की गई है। जेल अधीक्षक धर्मवीर उमरैया ने जानकारी दी कि 9 अगस्त, शनिवार को सुबह 09 बजे से दोपहर 2 बजे तक बहनें अपने भाइयों से मिल सकेंगी और उन्हें राखी बांध सकेंगी। इस अवसर पर जेल परिसर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें जेल प्रशासन द्वारा थाली, कुमकुम एवं अन्य पूजन सामग्री की व्यवस्था की गई है, जिससे पर्व की गरिमा बनी रहे। अधीक्षक उमरैया ने सभी बहनों से आग्रह किया है कि वे शांति और सुरक्षा के नियमों का पालन करते हुए निर्धारित समय में ही जेल परिसर में प्रवेश करें तथा इस स्नेह के पर्व मनाएं।

### एक फोन पर अध्यक्ष ने हटवाई गंदगी, स्वयं खड़े रहकर स्वच्छ कराया परिसर




**कसरावद।** नगर के कन्या हायर सेकेंडरी के परिसर में झाड़ियां और कचरा फैला था। मंगलवार को नगरपंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि स्वयं कन्या परिसर पहुँचकर शाला की मीटिंग ली और जे सी बी बुलाकर स्वयं खड़े होकर झाडिया हटवाई रोड पर कीचड़ होने से मुरुम डलवाई। प्राथमिक विद्यालय की शिक्षिका सुनीता वर्मा ने कहा कि समस्याओं को लेकर यादव को फोन लगाया ।उन्होंने आकर सभी स्कूलों की मीटिंग ली और बच्चो से बात की एवं शिक्षको की समस्या का निराकरण करवाया। बच्चो ने कहा अध्यक्ष हो तो ऐसा।

### भंडारे का आयोजन



**बिस्टान नि प्र ।** नगर के श्री राधाकृष्ण मंदिर में चल रहे राम नाम संकीर्तन सप्ताह का समापन बुधवार को किया गया ।नगर के मंदिरों में पूजन किया गया ।समापन की शाम में विशाल भंडारा हुआ ।

### खड़ी फसलों को बारिश का इंतजार



**बिस्टान नि प्र ।** बीते दो दिन से तेज धूप उमस भरी गर्मी से खेतों में खड़ी फैसले मुरझाने लगी है ।पथरीली जमीन पर खड़ी फसलों में बारिश का इंतजार है ।किसानों ने बताया जल्दी बारिश नहीं हुई ।तो कम अवधि वाली फसलों मूंगफली, सोयाबीन, मक्का ,में पैदावार कम होगी ।कुछ किसानों ने सिंचाई शुरू कर दी है ।क्षेत्र में जोरदार बारिश नहीं होने से कुओं, तालाबों, नदियों, में जल स्तर नहीं बढा है ।फसले दम तोड़ने लगी है । बारिश की कोई संभावना नहीं जताई जा रही है ।जिससे किसानों की चिंता और बढ़ गई है ।

### भगवानपुरा जनपद पंचायत में रिक्त उपाध्यक्ष पद के लिए सम्मिलन 13 अगस्त को

**खरगोन।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल के निर्देशानुसार जनपद पंचायत भगवानपुरा में उपाध्यक्ष के रिक्त पद के निर्वाचन के लिए 13 अगस्त 2025 को निर्वाचित जनपद सदस्यों का सम्मिलन आयोजित किया जाएगा।

कलेक्टर एवं सक्षम प्राधिकारी सुश्री भव्या मित्तल द्वारा यह आदेश जारी किया गया है। निर्वाचन प्रक्रिया को सुचारु रूप से संपन्न कराने हेतु उपसरपंच, अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष निर्वाचन नियम 1995 की धारा 13 (2)(ख) के तहत पीठासीन अधिकारी एवं सहायक पीठासीन अधिकारी की नियुक्ति की गई है। प्रभारी तहसीलदार भगवानपुरा श्री संजय चौहान को पीठासीन अधिकारी तथा प्रभारी नायब तहसीलदार भगवानपुरा श्रीमती पूनिया परमार को सहायक पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया गया है। निर्वाचन की कार्यवाही जनपद पंचायत भगवानपुरा परिसर में 13 अगस्त 2025 को संपन्न होगी। दोनों नियुक्त अधिकारियों को आयोग द्वारा जारी मार्गदर्शिका निर्देशों एवं उपनियमों के अंतर्गत उपाध्यक्ष पद के निर्वाचन की कार्यवाही करनी होगी।

# श्री सिद्धनाथ महादेव सोमवार को निकलेंगे नगर भ्रमण पर



## विभिन्न संगठनों द्वारा व्यंजनों का महाभोग लगेगा, 57 वां शिवडोला 11 अगस्त को, भ्रमण मार्ग पर सजेंगे 80 से अधिक सेवा स्टॉल

नवभारत न्यूज

**खरगोन। अधिष्ठाता भगवान श्री सिद्धनाथ महादेव भादौ वदी दूज सोमवारए 11 अगस्त को नगर भ्रमण पर निकलेंगे। नगर के सेवाभावी व्यक्तिए संगठन व संस्थाएं देवाधिदेव महादेव को नाना प्रकार के व्यंजनों का महाभोग लगाकर सेवा स्टॉल पर प्रसादी स्वरूप वितरित करेंगे। इनमें सवा लाख आलूबड़े, शुद्ध घी का खसखस.बादाम हलवा, मक्खन बड़ा, मिर्च भजिये, पोहा, चना फाय, नमकीन पूड़ी, चना रोस्ट, रायता, फलिहारी मिक्चर, बूंदी, शरबत, नमकीन छाछ, चाय व फल आदि के सेवा मंच सजाए जाएंगे।**

श्री सिद्धनाथ महादेव मंदिर, सार्वजनिक श्रावण मास समिति के प्रवक्ता प्रकाश भावसार ने बताया शिवडोला के 57वें वर्ष में सेवा मंच लगाने की होड़ लगी है। शिवडोला मार्ग पर सेवा मंच लगाने के लिए सेवाभावी संगठन, संस्था व व्यक्तियों के 80 से अधिक नाम प्राप्त हुए हैं। सामाजिक, व्यापारिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों के सेवास्टॉलों के अलावा बोहरा समाज द्वारा शरबत की सेवा दी जाएगी। शिवडोला समिति अध्यक्ष नवनीत भंडारी ने बताया भगवान श्री सिद्धनाथजी महादेव की मुख्य झांकी से भांग, शकर व सूखे मेवे से निर्मित 11 क्विंटल प्रसादी बंटेगी।

### ललाट पर लगाएंगे काशी चंदन लेप

विहिप विहिप जिलाध्यक्ष नितिन मालवीया, नगर मंत्री सौरभ घामंडे ने बताया शिवडोला में विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल कार्यकर्ताओं द्वारा सनातन धर्मावलंबियों के ललाट पर काशी चंदन का लेप लगाया जाएगा। चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष कैलाश अग्रवाल ने समस्त व्यापारिक प्रतिष्ठान संचालकों, होटल संचालकों, व्यापारियों से अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर शिवडोला में शामिल होने का आह्वान किया है।

## जेल में ब्रह्मकुमारी बहनों ने कैदी भाईयों को बांधी राखी

### कैदी भाईयो ने नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया

नवभारत न्यूज

**मंडलेश्वर, निप्र।** ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय मण्डलेश्वर के द्वारा 7 जुलाई को जिला उपजेल मण्डलेश्वर में रक्षाबंधन पर्व मनाया गया ।जेल में बंद कैदी भाइयों को ब्रह्मा कुमारी बहनो द्वारा राखी बांधी और उन्हें सच्चे रास्ते पर चलने का संकल्प दिलाया ।इस अवसर पर जेल अधीक्षक श्वेता मीणा ब्रम्ह कुमारी मंगला बहन, ब्रम्ह कुमारी सारिका बहन,एवं ब्रम्ह कुमारी बसु बहन उपस्थित थे।



इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी संस्था मण्डलेश्वर की ब्र.कु. मंगला बहन ने बताया कि रक्षाबंधन का यह कार्यक्रम जेलों में हर साल आयोजित किया जाता है जिससे कैदी भाई राखी बंधवाकर अच्छे कर्म करने और बुराइयों से दूर रहने के लिए संकल्प भी लेते है। कार्यक्रम में, ब्रह्माकुमारी बहनों ने जेल प्रहरियों को भी राखी बांधी। ब्रम्ह कुमारी सारिका बहन ने बताया कि अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम, कार्यशालाएं और आध्यात्मिक सत्र आयोजित करके नशे के दुष्प्रभावों के बारे में शिक्षित किया जा रहा है और उन्हें राजयोग मेडिटेशन के माध्यम से सशक्त बनाया जा रहा है। संस्था का लक्ष्य युवाओं को नशे से बचाना और एक नशा मुक्त समाज का निर्माण करना है।

## रक्षाबंधन पर्व के पहले खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने की छापामार कार्रवाई

▶ 17 खाद्य प्रतिष्ठानों लिए नमूने, जांच के लिए भेजेंगे प्रयोगशाला

नवभारत न्यूज

**खरगोन।** कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल के निर्देशानुसार जिले में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा रक्षाबंधन पर्व को दृष्टिगत खरगोन शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में दूध, दुग्ध उत्पाद एवं खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच के लिए मिठाई दुकानों और खाद्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान मिठाई दुकानों सहित कुल 17 प्रतिष्ठानों से विभिन्न खाद्य पदार्थों के नमूने संग्रहित किए गए है। जिन्हें जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया है।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री एचएल आवास्या ने बताया कि निरीक्षण के दौरान बालाजी मावा भंडार श्रीकृष्णा टॉकीज खरगोन से मावा का नमूना लिया गया। इसके पश्चात बालाजी राजस्थानी स्वीट्स सनावद रोड खरगोन से मलाई बर्फी और अंजीर बर्फी तथा रुप श्री स्वीट्स एमजी रोड खरगोन से गुपचुप मिठाई के नमूना लिया गया। वहीं वल्लभा स्वीट्स तिलक पथ खरगोन से मावा और मिल्क केक तथा अम्रपाली स्वीट्स इंदौर रोड कसरावद से मिल्क केक और मलाई बर्फी के नमूने एकत्र किए गए। इसी प्रकार बालाजी राजस्थानी स्वीट्स मंडलेश्वर रोड कसरावद से मलाई टिकिया और मावा, चार्ली स्वीट्स जय स्तंभ चौक कसरावद से मावा तथा माँ भगवती स्वीट्स जय स्तंभ चौक कसरावद से मावा कतली, बालाजी राजस्थानी स्वीट्स बस स्टेण्ड बिस्टान से मलाई टिकिया और मावा, जबकि अजुबा डेयरी बजरंगपुर रोड गोंगावा से मावा का नमूना संग्रहित किया गया है।

महेश्वर क्षेत्र में सियाराम स्वीट्स एमजी रोड महेश्वर से मलाई बर्फी एवं मिल्क केक, श्री हरी होटल मेन रोड महेश्वर से मावा बर्फी तथा मंगलम स्वीट्स एमजी रोड महेश्वर से पनीर, मलाई बर्फी और मावा का नमूना लिया गया। वहीं कुमरावत होटल एमजी रोड महेश्वर से पेडा, धर्मेन्द्र टी स्टॉल होटल भगत सिंग मार्ग महेश्वर से मिल्क केक, श्री बालाजी राजस्थानी स्वीट्स मेन रोड मंडलेश्वर से मावा कतली और मावा बर्फी एवं श्री नागेश्वर होटल श्रीनगर कॉलोनी मंडलेश्वर से मावा कतली के नमूने जाँच हेतु लिए गए हैं।

खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 तथा नियम 2011 के अंतर्गत यदि कोई खाद्य पदार्थ का नमूना अमानक पाया जाता है तो संबंधित प्रतिष्ठानों पर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा आगामी दिनों में औचक निरीक्षण कर विधिवत निरंतर कार्यवाही की जाएगी।

## गांगलेश्वर महादेव पहाड़ी को अतिक्रमण से बचाने के लिए रासेयो ने किया पौधारोपण

नवभारत न्यूज

**कसरावद, निप्र।** श्री निमाड़ पाटीदार एजुकेशन सोसायटी कसरावद द्वारा संचालित स्थानीय सीबीएसई विद्यालय पैरामाउंट अकेडमी कसरावद की राष्ट्रीय सेवा योजना यूनिट ने गांगलेश्वर महादेव पहाड़ी पर पौधारोपण किया। राष्ट्रीय सेवा योजना (ह्रस्) के विद्यालय प्रभारी प्रितेश पाटीदार एवं योगेश्वर बोरसे ने बतलाया कि एक पेड़ माँ के नाम अभियान तहत विद्यालय के समिपस्थ स्थित श्री गांगलेश्वर महादेव मंदिर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। आयोजन की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती नंदा जी ब्रम्हणे ने की। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. श्री अखिलेश पाटीदार शिक्षकगण, एन एस एस के 87 छात्र-छात्राएँ एवं अन्य कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय प्रांगण में प्राचार्य महोदय ने प्रार्थना एवं पर्यावरण संरक्षण पर भाषण से हुई।



इसके पश्चात विद्यार्थियों ने शिक्षकगण के मार्गदर्शन में विभिन्न प्रकार के पौधे जैसे नीम, पीपल, अमरूद, गुलमोहर आदि रोपे। इस अवसर पर अध्यक्ष महोदया श्रीमती नंदा जी ब्रम्हणे ने कहा कि वृक्ष पृथ्वी के फेफड़े हैं। हमें अधिक से अधिक वृक्ष लगाकर पर्यावरण को सुरक्षित बनाना चाहिए। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में पर्यावरण संरक्षण, हरित भारत अभियान तथा प्राकृतिक संतुलन के प्रति जागरूकता फैलाना था।

## खारक व अपरवेदा जलाशयों पर मछली पालन के लिए मिलेगा 10 वर्षीय पट्टा

नवभारत न्यूज

**खरगोन निप्र।** जिला पंचायत ने अपने सिंचाई जलाशयों में 10 वर्षीय मछली पालन पट्टे के आवंटन के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। 5 अगस्त से 28 अगस्त तक इच्छुक पंजीकृत मछुआ सहकारी संस्थाएं एवं मछुआ स्वयं सहायता समूह आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

आवंटन के लिए चयनित दो सिंचाई जलाशयों में खारक 127.620 हेक्टेयर तथा अपरवेदा 724.000 हेक्टेयर है, जो भगवानपुरा विकासखंड अंतर्गत आते हैं। यह पट्टा पुन- आवंटन की प्रक्रिया के अंतर्गत किया जा रहा है।

## गोगादेव की छड़ी का नगर भ्रमण , शाम को आरती के बाद सुंदरकांड का पाठ



नवभारत न्यूज

**मंडलेश्वर, निप्र।** वाल्मीकि समाज के ईस्टदेव श्रीगोगा देव की पवित्र छड़ी का नगर में भव्य जुलूस निकालकर स्वागत किया गया। बड़वाह और ओंकारेश्वर से 60 भक्तों के दल के साथ मंडलेश्वर पहुंची पवित्र छड़ी को छप्पन देव मंदिर में पूजा के बाद वहां से जुलूस के रूप में नगर भ्रमण कराया गया। पवित्र छड़ी का बस स्टैंड पर नगर परिषद , गुड मॉर्निंग क्लब बालाजी ग्रुप द्वारा पूजन स्वागत किया गया विधायक की ओर से भी उनके प्रतिनिधि ने स्वागत किया। वाल्मिकी समाज द्वारा समाज प्रमुख प्रकाश गौहर अशोक कलोसिया अनिल नाहर सचिन गोहर नवनीत गोहर संजय कलोसिया दिलीप गोहर सुदेश गोहर प्रतीक गोहर आदि ने स्वागत पूजन किया ।पवित्र छड़ी को ढोल ताशे और भजन भक्ति के साथ कीटन बाजार से बस स्टैंड होती पुलिस थाने के सामने से कोर्ट गेट होकर बड़वाह रोड सरदार पटेल कॉलेज के सामने दारोगा मनोहर गोहर के घर पहुंची जो मुख्य यजमान थे। यहां छड़ी का समाज जनों ने पूजन किया उसके बाद आरती कर प्रसाद वितरण हुआ पश्चात छड़ी को विदाई दी गई। इसके बाद यहां सुंदर कांड का सामूहिक पाठ किया गया ।ग्राम छोटी खरगोन के त्रिकाल मित्र मंडल ,द्वारा संगीतमय सुंदरकांड की प्रस्तुति दी गई।



## नई और फैंसी राखियों की डिमांड अधिक, लुभा रही ब्रेसलेट वाली राखियां

नवभारत न्यूज

**खरगोन।** रक्षाबंधन की तारीख नजदीक आते ही बाजार में राखियों की मांग बढ़ गई है। इस बार रक्षाबंधन 9 अगस्त को है। बाजार में राखियों की कई तरह की वैरायटी उपलब्ध है। बहनें अपने भाइयों की कलाई पर बांधने खास तरह की राखियां और रेशम की डोरियां खरीद रही हैं। नई और फेंसी राखियों के दाम ज्यादा हैं, बावजूद भाईयों के स्नेह को देखते हुए इनकी जमकर खरीदी हो रही है।

खासकर मोटू पतलू व डोरेमोन, छोटा भीम वाली राखियों के साथ ब्रेसलेट डिजाइन वाली राखियां युवाओं व बच्चों को खूब भा रही हैं। इनमें स्टोन वर्क, जरदोजी, मिरर वर्क और रेशमी धागों का संयोजन दिखाई दे रहा है। इन डिजाइनों में परंपरा और आधुनिकता का अनोखा मेल दिखता है।

**एक नजर में** ▶ कलेक्टर बोली- बिना सरकारी मदद के जन सहयोग से होता है संचालन

# ट्रस्ट के बच्चों को मिली बास्केट बॉल कोर्ट एवं ओपन जिम की सौगात



नवभारत न्यूज

**खरगोन। शहर के जुलवानिया रोड़ पर संचालित हो रहे आस्था ग्राम ट्रस्ट के विद्यार्थियों को गुरुवार बॉस्केट बॉल एवं ओपन जिम की समारोहपूर्वक सौगात मिली है। यह सुविधा जनसहयोग से उपलब्ध कराई गई है। कार्यक्रम में कलेक्टर भव्या मित्तल, डीआईजी सिद्धार्थ बहुगुणा, एसपी धर्मराज मीना आदि ने फीता काटकर जिम और बास्केट बॉल कोर्ट का लोकार्पण किया।**

कलेक्टर ने कहा यहां खेल मैदान देने भर से काम नही होगा, बच्चों को प्रशिक्षण के लिए रेड क्रॉस के माध्यम कोच की व्यवस्था भी की जाएगी। उन्होंने जूतों की व्यवस्था की घोषणा भी की। कलेक्टर ने कहा कि परोपकार के इस कार्य में यहां पदस्थ नही रहने के बाद आगे भी और अपने आईआईटी के सहपाठियों को भी यहां आर्थिक मदद के लिए प्रेरित करेंगी। उन्होंने अधिकारियों और आमजन से आह्वान किया कि वे सभी जन्मदिन या त्यौहारों में किसी भी प्रकार से दान देकर ट्रस्ट को मजबूत बनाएं। डीआईजी बहुगुणा ने कहा कि कलेक्टर की दूरदर्शी सोच से आस्था ग्राम में बास्केटबॉल कोर्ट और ओपन जिम की स्थापना संभव हो पाई है, जिससे बच्चों की शारीरिक गतिविधियां बढ़ेंगी अन्यथा बच्चे मोबाइल में सारा समय व्यतीत कर रहे हैं।

### श्रद्धांजलि अर्पित की

एसपी मीना ने कहा कि हम सब को ऐसा प्रयास करना चाहिए कि, आस्था ग्राम के बच्चे अच्छी शिक्षा और स्वास्थ्य प्राप्त कर उच्च पदों पर आसीन हों। संस्था में रोटी मेकर मशीन का भी लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ आकाश सिंह, एसडीएम बीएस कलेश, खनिज अधिकारी सावन चौहान सहित स्टोन क्रशर आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम में ट्रस्ट की संस्थापक स्व. डॉ. मेजर अनुराधा जैन को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।